कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College code : 1602

दुर्ग, दिनांक 09.04.2024

प्रेस विज्ञप्ति

/महाविद्यालय दो छात्राओं का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन हैण्डबॉल प्रतियोगिता में/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की दो छात्राओं का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन हैण्डबॉल प्रतियोगिता में हुआ है। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ0 ऋतु दुबे ने बताया कि पीजीडीसीए की छात्रा कु0 ए0 अर्चना जो कि विगत लगातार 03 वर्षों से अंर्तपूर्वी क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रही हैं वहीं एम0 ए0 चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु0 मानसी नेताम का भी चयन हुआ है। दोनों ही छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से बिलासपुर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित अंर्तपूर्वी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जहां पर हेमचंद की टीम उपविजेता रही थी और अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई है। उक्त प्रतियोगिता दिनांक 12 से 16 अप्रैल 2024 तक जे0 आर0 एन0 विश्वविद्यालय उदयपुर, राजस्थान में आयोजित है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धियों पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल क्रीडासमिति संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव, सदस्य श्री जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाऐं दी।

कु. ए. अर्चना

कु. मानसी नेताम

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

D/H/RITU/LETTER